Regarding laying of new railway lines in Churu Parliamentary Constituency, Rajasthan-Laid

श्रीराहुलकस्वां(चुरू) **:** मेरे लोकसभा क्षेत्र चुरू के आमजन द्वारा पिछले काफी समय से नई रेल लाइन डाले जाने हेतु मांग की जा रही है, जिसमें मुख्यतः सादुलपुर से श्रीडूंगरगढ़ वाया तारानगर सरदारशहर, सरदारशहर से हनुमानगढ़, सीकर से नोखा वाया बीदासर, फरुखनगर से सादुलपुर वाया पिलानी आदि हैं।ये सभी मार्ग आर्थिक एवं सामरिक दृष्टि से अत्यंत ही महत्वपूर्ण मार्ग हैं, और आजादी के बाद से अभी तक भी रेल सेवा से वंचित हैं। अगर इनका सर्वे करवाकर कार्य शुरू किया जाता है तो क्षेत्र के आमजन के साथ साथ व्यापारियों एवं सैन्य कार्यों हेतु भी यह मार्ग अत्यंत लाभप्रद होगाक्योंकि इन रेल मार्गों के निर्माण से यह क्षेत्र दिल्ली के अल्टरनेट मार्ग के साथ साथ बॉर्डर क्षेत्र से भी सीधा जुड़ सकेगा।पूर्व में भी इन मार्गों का सर्वे किया गया लेकिन रेलवे द्वारा हर बार नेगेटिव ROR बता कर इन मार्गों की स्वीकृति देने से मना कर दिया गया ।अतः मेरा माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि इस क्षेत्र को विशेष प्राथमिकता देते हुए आमजन के जीवन को लाभप्रद बनाने के लिए नेगटिव ROR के कंसेप्ट को छोड़ते हुए इन सभी मार्गों का एक बार फिर से सर्वे करवाया जावे।